केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन
मुख्यालय कार्यालय, प्रयागराज
जनसम्पर्क विभाग

दिनांक 01/08/2025

प्रेस विज्ञप्ति

रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार स्वतंत्रता दिवस समारोह (IDC-2025) के अन्तर्गत "स्वच्छता" गतिविधियों को उत्सव के एक भाग के रूप में शामिल किया जाएगा। इसका उद्देश्य स्वच्छता अभियानों, सौंदर्यीकरण प्रयासों और सामुदायिक पहुँच के माध्यम से नागरिक उत्तरदायित्व, पर्यावरण जागरूकता और नागरिक सहभागिता को बढ़ावा देना है।

केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, में "स्वच्छता अभियान का विधिवत शुभारम्भ मुख्यालय में स्वच्छता शपथ के साथ हो गया है। यह अभियान दिनांक 01 अगस्त से 15 अगस्त 2025 तक मनाया जा रहा है। संगठन, में इस दौरान वृहद रूप से स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा, जिसके अंतर्गत मुख्यालय के कार्यालय/परिसर एवं रेलवे कॉलोनियों में श्रमदान कर सफाई सुनिश्चित की जाएगी।

"स्वच्छता अभियान का आगाज दिनांक 01/08/2025 को मुख्य विद्युत इंजीनियर/कोर, श्री संजय सिंह नेगी, द्वारा स्वच्छता शपथ से किया गया। इस अवसर पर कोर के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्वच्छता शपथ लिया। स्वच्छता अभियान के दौरान रेल कर्मियों तथा जन सामान्य को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जायेगा ताकि स्वच्छता को बनाये रखने में वे सहयोग प्रदान करें। साथ ही रेलवे प्रशासन द्वारा कार्यालय परिसर, रेलवे आवासों तथा अन्य स्थानों पर विशेष सफाई अभियान चलाया जायेगा।

(कल्याण सिंह)
मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी
कोर/प्रयागराज